# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/3209
दिनांक : 05.01.2021

## विज्ञप्ति

वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित **परास्नातक स्तर (एम0ए0, एम0काम0, एम0एस–सी0, एम0एस–सी0 कृषि, एल0एल0एम0)** केवल अन्तिम सम सेमेस्टर (जून–2020) एवं स्नातक स्तर की सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की **बी0एस–सी0 (कृषि)** तथा **बी0एस–सी0 (गृह विज्ञान)** की केवल अन्तिम सम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों की परीक्षायें तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित **एल–एल0बी0 (त्रिवर्षीय)** केवल अन्तिम सम सेमेस्टर (जून–2020) की परीक्षाओं तथा **विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों (एम0फिल0 सहित)** (AICTE से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त) की केवल अन्तिम सम सेमेस्टर (जून–2020) परीक्षायें सम्पन्न करायी जा चुकी हैं तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा (दिसम्बर–2020) भी करायी जानी प्रस्तावित है।

उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं की विशेष बैक पेपर परीक्षा (दिसम्बर–2020) के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी द्वारा विश्वविद्यालय के पत्रांक परीक्षा/3202, दिनांक 01.01.2021 के अनुसार भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 04.01.2021 निर्धारित थी।

**माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार परीक्षा फार्म भरने से ऐसे वंचित छात्र/छात्राओं को जिन्होंने अभी तक विशेष बैक पेपर परीक्षा (दिसम्बर–2020) परीक्षा फार्म नहीं भरा है, अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए तिथियाँ दिनांक 10.01.2021 तक पुनः विस्तारित की जाती है।**

<u>ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथियाँ निम्नानुसार हैं –</u>

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा प्रारम्भ होने की तिथि | 21.12.2020 |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 10.01.2021 |
| 03. | परिपूर्ण परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालयों में जमा करने की अन्तिम तिथि | 11.01.2021 |
| 04. | प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक द्वारा अग्रसारित परीक्षा फार्म नोमिनल रोल लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | 12.01.2021 |

<u>नोट</u> :– 1. **विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 01.12.2020 में लिये गये संकल्पानुसार केवल अन्तिम सेमेस्टर (जून–2020) के वह अभ्यर्थी जो पहले ही अन्तिम सेमेस्टर (जून–2020) के फार्म भर चुके हैं, किन्तु कोविड–19 के कारण परीक्षा नहीं दे पाये थे ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को वंचित विषय/प्रश्नपत्र में सम्मिलित होते हुये पाठ्यक्रम पूर्ण किये जाने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को परीक्षा फार्म भरे जाने की आवश्यकता भी नहीं है। ऐसे छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय वेबसाइट से नवीन प्रवेश पत्र पुनः डाउनलोड करने के उपरान्त स्पेशल बैक पेपर परीक्षा (दिसम्बर–2020) की परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।**

2. ऐसे पाठ्यक्रमों जिनमें पुनः परीक्षा देने की सुविधा विश्वविद्यालय नियमों में अनुमन्य है, ऐसे छात्र/छात्राओं के पुनः परीक्षा फार्म जमा करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाय कि सम्बन्धित छात्र/छात्रा ने उन्हीं कोडों की पुनः परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरा है, जिनमें वह पूर्व में बैक पेपर परीक्षा हेतु सम्मिलित हो चुका है। अर्थात किसी भी छात्र/छात्रा को, कोड परिवर्तन कर पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं है।
3. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो सेमेस्टरों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।
4. समस्त अर्ह छात्र/छात्रायें परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर उपलब्ध सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण में अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जायें कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।

क्रमशः......2

02. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक, प्रति-कुलपति को प्रति-कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव / उप कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय / लेखा)।
09. प्रभारी-कमेटी सेल / अति गोपनीय विभाग।
10. कार्यालय अधीक्षक (गोपनीय)।
11. समस्त प्रभारी / पटल सहायक-परीक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. प्रभारी-कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
13. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
14. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों / अर्हता के अनुरूप ही विशेष बैक पेपर परीक्षा (दिसम्बर-2020) हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
15. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्र हित में, निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
16. विश्वविद्यालय पूछताछ-केन्द्र / सूचना पट।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)